5 फरवरी, 2020 ▸ बुधवार
पंजाब केसरी
DELHI

आटो एक्सपो में एनएमआरसी की मेट्रो ट्रेनों के बढ़ेंगे फेरे

- **पीक आवर्स में 6 मिनट और नॉन पीक आवर्स में 7.5 मिनट पर मिलेगी मेट्रो**
- **सेक्टर-51,सेक्टर-137 और नालेज पार्क-टू पर ले सकते है आटो एक्सपो का टिकट**

नोएडा,(पंजाब केसरी): ग्रेटर नोएडा एक्सपोमार्ट में शुरू हो रहे आटो एक्सपो में एनएमआरसी ने अपने मेट्रो ट्रेनो की फे रे बढाएगी। सात फरवरी से 12 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा के एक्सपोमार्ट में चलने वाले ऑटो एक्सपो के लिए एनएमआरसी लोगों को विशेष सुविधा देने जा रही है। एनएमआरसी ने मेट्रो ट्रेन की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के साथ ऑटो से सीधे कनेक्टिविटी की प्लानिंग की है। इससे एक्सपो जाने वाले लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा साथ ही मेट्रो स्टेशनों से ही एक्सपो के टिकट लिए जा सकेंगे। ऐसे में वह प्रदर्शनी स्थल के बाहर लगने वाली लंबी लाइन से बच सकेंगे। वहींए डीएमआरसी के मेट्रो स्टेशनों पर एक एक्सो के लिए डेस्क बनाई जाएगी जिससे लोग एक्सपो की जानकारी व एनएमआरसी की मेट्रो की जानकारी ले सकेंगे। एक्वा लाइन यात्रियों को सीधे ऑटो एक्सो स्थल से जोड़ेगी। एक्वा लाइन के यात्री नॉलेज पार्क-टू स्टेशन तक यात्रा कर सकते है। यह स्टेशन प्रदर्शनी स्थल के सबसे ज्यादा निकट महज 500 मीटर की दूरी पर है। इस दूरी को पार करने के लिए यहा 10 ई. रिक्शा चलाई जाएंगी। इस रिक्शा का अधिकतम किराया प्रति व्यक्ति 10 रुपए होगा। एक्सपो आने वाले लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एनएमआरसी ने पीक आवर्स के दौरान 6 मिनट और नॉन पीक आवर्स में 7.5 मिनट के अंतराल से चलेगी। वर्तमान में ट्रेन पीक आवर्स में 7.5 मिनट और नॉन पीक आवर्स में 10 मिनट के अतराल पर चलती है।

यह सुविधा सात फ रवरी से 12 फ रवरी तक मिलेगी।

इन मेट्रो स्टेशनों पर मिलेगे आटो एक्सपो के टिकट

ग्रेटर नोएडा एक्सपोमार्ट में शुरू हो रहे आटो एक्सपो में आम लोगों के प्रवेश के लिए एनएमआरसी ने अपने तीन मेट्रो स्टेशनों पर आटो एक्सपो के टिकट बेचने का प्लान बनाया है। जिनमें सेक्टर-51,सेक्टर-137 और नालेज पार्क-टू पर आटो एक्सपो का टिकट ले सकते हैं।

यहां पर कर सकते है कार पार्किंग

एनएमआरसी के इन स्टेशनों पर कार पार्किंग की सुबिधा उपलब्ध है। जिसमें सेक्टर-51,सेक्टर-76,सेक्टर-101,सेक्टर-81,सेक्टर-137,सेक्टर-142,नालेज पार्क-टू,परी चौक, अल्फा-1 और डेल्टा-1 पर कार पार्किंग कर सकते है।